


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 20 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 175 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# कॉलेज में छात्र की हत्या

## आरोपी ने मारी आठ गोलियां, कूड़ेदान में पिस्टल फेंक कर भागा



- गुस्साये छात्रों ने मुख्य द्वार बंद कर मचाया हड़कंप
- मौके पर पहुंची पांच थानों की पुलिस, घटना से कॉलेज प्रशासन सन्न, परिसर में गहमागमी का माहौल



**वाराणसी।** यूपी कॉलेज परिसर में दिनदहाड़े बीएससी छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर छात्र ने 8 गोलियां चलाईं। 4 गोलियां सीने में और 4 कनपटी में लगीं। छात्र खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। यह देखकर हमलावर पिस्टल फेंककर मौके से फरार हो गया। गोली चलने की घटना के बाद यूपी कॉलेज कैंपस में हड़कंप मच गया। वारदात कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में हुई। सूचना पर 5 थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई है। मृतक छात्र की पहचान 23 साल के सूर्य प्रताप सिंह के रूप में हुई है। वह गाजीपुर का रहने वाला था। आरोप है कि पूर्व के विवाद की वजह से चांदमारी निवासी छात्र मनजीत ने नजदीक से गोली मार दी। इस घटना ने कालेज के छात्रों और शिक्षकों के बीच चिंता और भय का माहौल बना दिया है। छात्र की मौत के बारे में जानकारी होने के बाद परिसर के छात्र आंदोलित हो गए और नारेबाजी करने लगे। गुस्साए छात्रों ने कालेज के मुख्य गेट को बंद कर हंगामा खड़ा कर दिया। वहीं घटना से आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज गेट को बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप है कि प्रिंसिपल के सामने फायरिंग की गई है। आक्रोशित छात्रों ने परिसर में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर मौजूद छात्रों से पूछताछ की जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। कालेज प्रशासन ने भी इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है और छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है। उदय प्रताप कालेज में इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई है, लेकिन इस घटना ने सभी को चौंका दिया है।

## राष्ट्रपति संत प्रेमानंद से मिलीं परिवार के साथ वृंदावन पहुंचीं



**मथुरा।** आज शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंदजी के वृंदावन आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हाथ जोड़कर संत को प्रणाम किया। संत प्रेमानंद ने राधे-राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला-चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी को जन्मदिन की भी बधाई दी। गुरुवार यानी 19 मार्च को उनका 56वां जन्मदिन था। राष्ट्रपति मुर्मू, यूपी के 3 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए थे। फिर शाम को मथुरा पहुंचीं। प्रेमानंदजी से मुलाकात के बाद बाबा नीम करौरी महाराज के आश्रम पहुंचेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू का मथुरा का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह पिछले साल 25 सितंबर को आई थीं। तब बांके बिहारी के दर्शन किए थे।

## आज बढ़त के साथ खुला शेयर बाजार डालर के मुकाबले रुपया फिर पड़ा कमजोर

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 976.77 अंक बढ़कर 75,184.01 पर पहुंचा; निफ्टी 301.7 अंक बढ़कर 23,303.85 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे गिरकर अपने रिकॉर्ड अंतर्देशीय निचले स्तर 93.08 पर पहुंच गया। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा खरीदारी है। पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच तेल की कीमतों में आई कमी से ग्लोबल मार्केट को राहत मिली है। ब्रेंट क्रूड अब 107 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। भारतीय शेयर बाजार में जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट देखने के एक दिन बाद 'वैल्यू बाइंग' यानी निचले स्तरों पर खरीदारी देखी जा रही है।

## चांदी की कीमतों में 7000 रुपये का उछाल, सोना 1.48 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। पश्चिम एशिया के हालात को लेकर बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने फिर से बुलियन में खरीदारी बढ़ाई। चांदी की कीमत 6920 रुपये बढ़कर 2.38 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 2860 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

## श्रद्धालुओं की बोलेरो पेड़ से टकराई दंपती समेत पांच लोगों की मौत

**आगरा।** कैला देवी से दर्शन कर लौट रहे इटावा के श्रद्धालुओं की बोलेरो गुरुवार रात चित्राहट के गांव पई के पास सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मृत्यु हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वालों में दंपती, बेटी, पिता व चालक शामिल हैं। घायलों को सैफई मेडिकल कालेज के हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। इटावा निवासी एक ही परिवार के आठ लोग बुधवार को बोलेरो कार से कैला देवी के दर्शन करने के लिए राजस्थान गए थे।

## दिल्ली में बारिश और ओलावृष्टि 'येलो अलर्ट'

**नई दिल्ली।** दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद समेत पूरे ञ्ीं में मौसम ने जबरदस्त करवट ली है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी के बीच, गुरुवार और शुक्रवार को हुई ज़ोरदार बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने आने वाले घंटों में और बारिश व तेज़ तूफ़ान का अनुमान जताते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में अब तक 9.4 स्स् औसत बारिश दर्ज की गई है। हालांकि मार्च का सामान्य औसत 12.6 स्स् होता है, लेकिन पिछले तीन सालों की तुलना में इस बार मार्च सबसे ज़्यादा बारिश वाला महीना बन गया है। इससे पहले मार्च 2023 में 50.4 mm रिकॉर्ड बारिश हुई थी।

## सीरिया में इजरायल ने बरसाए बम, कमांड सेंटर और लड़ाकू उपकरणों को किया टारगेट

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका-इजराइल गठबंधन के बीच संघर्ष लगातार 21वें दिन भी जारी है, जिसमें तनाव कम होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने बताया कि देश ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 का 66वां चरण शुरू किया है, जिसमें 5 अति-भारी और बहु-युद्धक मिसाइलें तैनात की गई हैं। इसी बीच, पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में ड्रोन और मिसाइल हमलों की खबरें भी सामने आई हैं। आईआरजीसी के अनुसार, ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के 66वें चरण में बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें कई मिसाइल प्रणालियों का इस्तेमाल करते हुए इजराइल और क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## तेल और गैस कंपनियों को डेटा साझा करने का आदेश

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तेल और गैस के वैश्विक संकट के चलते सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-3 को लागू कर दिया है। इस कानून के लागू होने के बाद पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, मार्केटिंग और उपभोग से जुड़ी सभी कंपनियों को सरकार के पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) में ताजा डेटा साझा करना अनिवार्य हो गया है।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद उनकी ओर से दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को गुरुवार को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया। इसके बाद तुरंत उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई। पुलिस ने बताया कि मंत्री की ओर से नई दिल्ली स्थित तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कॉल की लोकेशन व कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# यूपी में बिगड़ा मौसम का मिजाज

- लखनऊ, अयोध्या में गिरे ओले, 20 जिलों में तेज बारिश, मिर्जापुर में वज्रपात से किसान की जान गयी

**लखनऊ/प्रयागराज/मथुरा।** यूपी में मौसम बिगड़ गया है। लखनऊ में शुक्रवार सुबह 10 बजे अचानक अंधेरा छा गया। तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। इससे पहले प्रयागराज और मथुरा में तेज बारिश हुई। धूलभरी आंधी चली। नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ समेत 25 से ज्यादा जिलों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। काशी में भी आंधी के साथ बूंदाबांदी हो रही है। अयोध्या में बारिश के साथ मटर के दाने बराबर ओले गिरे। मिर्जापुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। इस बीच, कानपुर समेत 33 शहरों में काले बादल छाए हैं।

## नोरा फतेही के खिलाफ अलीगढ़ के मुफ्ती ने जारी किया फतवा



**नई दिल्ली।** कन्नड़ फिल्म 'KD: The Devil' का गाना 'सरके चुनर' (कन्नड़ में 'सरसे निन्ना') रिलीज के साथ ही बड़े विवादों के भंवर में फंस गया है। अश्लीलता और अभद्र भाषा के आरोपों के बीच, अब इस मामले में धार्मिक और कानूनी मोड़ आ गया है। अलीगढ़ के मुफ्ती ने अभिनेत्री नोरा फतेही के खिलाफ फतवा जारी किया है, वहीं केंद्र सरकार ने गाने की संवेदनशीलता को देखते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# कतर गैस प्लांट पर ईरानी हमले का दुनिया पर असर!

## यूरोपीय देशों ने भी जतायी चिंता, ऊर्जा के बुनियादी ढांचों पर हमले रोकने की मांग

- एलएनजी प्लांट रास लफ्फान के ठीक होने में लग सकता वर्षों का समय
- ड्रोन और मिसाइलों से होने वाली लड़ाई का आज 21वां दिन



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष फिलहाल कहीं से थमता नहीं नजर आ रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों का ईरान भी मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। वह किसी भी हाल में झुकने को तैयार नहीं है। वह इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। मिसाइलों और ड्रोन से हो रही यह लड़ाई 21वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। ड्रोन और मिसाइलों की यह लड़ाई कब तक चलेगी, इसको अभी कोई दावा नहीं किया जा सकता। कतर में ईरान द्वारा दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट रास लफ्फान पर हमले का पूरी दुनिया पर गहरा असर पड़ सकता है। पेरिस के सेंटर ऑन ग्लोबल एनर्जी पॉलिसी का मानना है कि इसकी मरम्मत में वर्षों का वक्त लग सकता है। रास लफ्फान के इस साल के आखिर तक भी शुरू होने के कहीं कोई आसार नहीं है। ऐसी स्थिति में पूरी दुनिया में गैस के लिए हाहाकार मच सकता है। उधर मध्य पूर्व में युद्ध के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के चलते, यूरोपीय नेताओं ने शुक्रवार को ब्रसेल्स में हुई बैठक में, युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों से निपटने के लिए, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और मध्य पूर्व में जल व ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचों पर हमलों पर रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा, यूरोपीय नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उन आग्रहों को टाल दिया, जिनमें उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य (जो तेल, गैस और उर्वरक के वैश्विक प्रवाह के लिए एक प्रमुख जलमार्ग है) को सुरक्षित करने के लिए सैन्य साजो-सामान भेजने की मांग की थी।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 20 मार्च, शुक्रवार, 2026 (3)






सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में 'आओ बात करें' कार्यक्रम के तहत किशोरी स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल किशोरियां। जनमुख डेस्क

# आज फिर अलविदा की नमाज, ईद कल

## 48 घंटे का हाईअलर्ट, हर मस्जिद पर की गयी फोर्स की तैनाती



**वाराणसी।** वाराणसी में कड़ी सुरक्षा और पुख्ता इंतजाम के बीच आज दोपहर फिर अलविदा की नमाज पढ़ी गई। ऐसा कई वर्षों बाद हुआ है कि रमजान में ईद से पहले दो बार अलविदा की नमाज पढ़ी गई। गुरूवार को चांद का दीदार नहीं होने पर ईद एक दिन टल गई, अब शनिवार को ईद मनाई जाएगी। वाराणसी समेत समूचे पूर्वांचल में ईद से पहले 48 घंटे का हाईअलर्ट घोषित किया गया है। हर मस्जिद पर फोर्स तैनात की गई है, वहीं मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी में पुलिस बल चक्रमण कर रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस कमिश्नरेट के अफसर सड़क पर है, पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में फ्लैग मार्च प्रेटोलिग निकाला गया। रमजान माह के आखिरी शुक्रवार अलविदा जुमा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा इंतजाम किए। मस्जिद ज्ञानवापी से लेकर मस्जिद दायम खां पुलिस लाइन, मस्जिद लंगड़े हाफिज-नई सड़क, मस्जिद खरबूजा शहीद, जामा मस्जिद नदेसर, मस्जिद लाट सरैंया आदि में जुमे की नमाज अता की गयी। उधर, अलविदा की नमाज को लेकर विशेष तैयारियां की गई। मस्जिदों में टोपी, चटाई और पानी की पूरी व्यवस्था थी। अलविदा जुमा के दिन घरों में इफ्तार के लिए विशेष पकवान भी बनाए गए और घरों में फातेहा भी दिलाई जाएगी। ज्ञानवापी और लाटसरैयां समेत सभी बड़ी मस्जिदों में शुक्रवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच दो शिफ्ट में नमाज अता की गयी। मस्जिद बुलाकी शहीद अस्सी, मस्जिद नईबस्ती गौरीगंज, मस्जिद हबीबिया गौरीगंज, आलमगीर मस्जिद धरहरा में बेहतर इंतजाम किए गए हैं। मस्जिद कुश्ताबेगम, मस्जिद मदीना, मस्जिद गौसिया, मस्जिद ताराशाह, मस्जिद छित्तनपुरा इमलिया तले, मस्जिद नूरैन समेत शहर और आस-पास की कई मस्जिदों में ईदुल फितर की नमाज अकीदत के साथ पढ़ी जाएगी। इन सभी मस्जिदों में दो शिफ्ट में रोजेदार नमाज पढ़े। शहर के आलिम-ए-दीन ने इसका ऐलान किया कि इस बार पांचवां जुमा 20 मार्च 30वें रोजे पर पड़ रहा है। 19 मार्च को 29वें रोजे पर चांद दिखने की आशंका के बीच पिछले शुक्रवार यानि 13 मार्च को नमाज पढ़ ली गई थी, अब अगले दिन यानी 21 मार्च को ईद मनाई जाएगी।

### ● मुस्लिम बहुल और मिश्रित आबादी वालों इलाकों में पुलिस बल का दिन भर चक्रमण

## 'आओ बात करें' कार्यक्रम में किशोरियों को दी गूढ़ जानकारी



### ● स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर संवाद का आयोजन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में 'आओ बात करें' कार्यक्रम के तहत किशोरी स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर संवाद का आयोजन आशा पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र भंदहा कला (कैथी) में किया गया। जिसमें सिलाई और ब्यूटीशियन पाठ्यक्रम की 40 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ डॉ इंदु पांडेय ने एनीमिया, पीसीओडी व माहवारी के दौरान साफ सफाई के बारे में जानकारी प्रदान की। आयोजन में श्वेता सिंह और सरोज सिंह ने भी सहयोग प्रदान किया।

## जागरूकता कार्यक्रम में जीवनशैली के महत्व को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दर्शाया



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बी.एच.यू. दक्षिणी परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संख्या 011(अ) तथा 011 (ब) द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीता सिंह एवं डॉ. त्रिभुवन नाथ के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ग्राम अटारी एवं बरकछा खुर्द में अंतिम दिवस पर ग्रामीण युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्रामीण युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक जीवनशैली के महत्व को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

### ● रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर

## नवरात्रि का दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का पूजन



**वाराणसी।** नवरात्रि के नौ दिन माँ दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों की साधना के लिए अत्यंत पावन माने जाते हैं। इन नौ स्वरूपों में दूसरा स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का है। यह स्वरूप साधक को आत्मसंयम और धैर्य का संदेश देता है। आज सुबह से ही रामघाट स्थित ब्रह्मचारिणी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। लोगों ने शीश नवाकर मां से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

## झूलेलाल जयंती पर निकली शोभायात्रा, गूंजा जयकारा

**वाराणसी।** वाराणसी में सिंधी समुदाय ने भगवान झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाई। शहर की सड़कों पर श्वेत वस्त्रों में सजे भक्तों ने प्रभातफेरी और शोभायात्रा निकाली। भगवान झूलेलाल का जयकारा लगाते सिंधी समुदाय शहर की सड़कों पर निकला। संत कवर राम सिन्धी युवा समिति के तत्वावधान में भगवान झूलेलाल जयंती पर निकली प्रभातफेरी ने शुक्रवार की सुबह को



भक्तिमय बना दिया। यह शोभायात्रा अमर नगर संत कंवर राम कुटिया सहिब (सोनिया) से आरंभ होकर अशोक नगर, सिंधु नगर, मौलवी बाग, सिद्धगिरी बाग, श्रीनगर कालोनी तथा गुरुबाग होते हुए झूले लाल मंदिर लक्सा में संपन्न हुई। प्रभात फेरी के समापन पर मंदिर परिसर में हजारों भक्तों ने मिल कर झूले लाल भगवान की आरती के तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की विशेष भूमिका में दिलीप आहूजा, अनिल बजाज, पवन शादीजा, सतीश भाटिया, धर्मेंद्र शितलानी, प्रकाश भागचंदानी, राजेश कुकरेजा, रतन राजवानी, गिरीश गोदानी, विनय सचदेवा वह संस्था के अध्यक्ष संजय टहलानी, कोषाध्यक्ष हिमांशु कारडा इत्यादि थे।

### ● सोनिया से उठकर लक्सा मंदिर पहुंची

**उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
**ओबरा – सोनभद्र**
**ई–निविदा सूचना**

1. **Bid No. GEM/2026/B/7348694,** सीएचपी बी०टी०पी०एस० के आरसी बंकर ग्रटिंग पैनल की कटिंग, फेब्रिकेशन एवं निर्माण का कार्य, प्रपत्र शुल्क–रू0 0.00, धरोहर राशि–रू0 22,000.00 धनराशि– रू 11,30,000.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 23.03.2026
2. **Bid No. GEM/2026/B/7351164,** सीएचपी 'ब' ताप विद्युत गृह के रोटा साइड वैगन टिपलर के ब्रेकडाउन मेंटिनेंस, मेन रेल बीम, रेल टेबल इत्यादि अनुरक्षण का कार्य, प्रपत्र शुल्क–रू0 0.00, धरोहर राशि–रू0 34,000.00 धनराशि– रू 17,21,109.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 30.03.2026
3. **Bid No. GEM/2026/B/7349522,** ओबरा तापीय परियोजना के 'अ/ब' ताप विद्युत गृह के कोल हैण्डलिंग प्लांट की शिफ्ट वाइज चेकिंग व मैकेनिकल अनुरक्षण एवं कोल यार्ड में आग बुझाने का कार्य, प्रपत्र शुल्क–रू0 0.00, धरोहर राशि–रू0 50,000.00 धनराशि–रू 36,10,500.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 01.04.2026
4. **Bid No. GEM/2026/B/7373718,** AMC of electric pusher car, AMC of LT Overhead line of Pusher car, running maintenance or PM of PA System 'A' CHP & 'B' CHP. Monthly maintenance of MD & SM, प्रपत्र शुल्क–रू0 0.00, धरोहर राशि–रू0 17,000.00 धनराशि– रू 8,57,076.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 13.04.2026

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से **https://etender.up.nic.in** देखें।

पत्रांक: 68/ज0स0का0/निविदा — दिनांक : 19/03/2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

## गवरजा माता उत्सव समिति की शोभायात्रा निकलेगी कल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** श्री गवरजा माता उत्सव समिति वाराणसी के बैनर तले कल शनिवार को अपराह्न 3:00 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी! समिति के प्रचार मंत्री गौरव राठी ने बताया कि मां गवरजा की शोभायात्रा काशी गौशाला, गोलघर से प्रारंभ होकर बुलानाला, चौक, गोदौलिया, गिरजाघर होते हुए श्याम मंदिर (लक्ष्मीकुंड) पर जाकर समाप्त होगी। समिति के अध्यक्ष कमल अग्रवाल एवं मंत्री राम बूबना ने संयुक्त रूप से सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा में सहभागी बनें।

## काशी में तीन प्रकार की टूरिस्ट हेरिटेज वॉक का संचालन शुरू



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अध्यात्मिक नगर काशी में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ जी की मंगला आरती के साथ प्रथम काशी हेरिटेज वॉक का शुभारंभ (चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस के अवसर पर) किया गया। जनपद में पर्यटन को गति प्रदान करने के लिए तीन प्रकार की टूरिस्ट हेरिटेज वॉक का संचालन गुरुवार से प्रारम्भ किया गया। हेरिटेज वॉक तथा काशी दर्शन बस सेवा के संदर्भ में विस्तृत विवरण तथा बुकिंग के लिए सामान्य-जन वेबसाइट www.shrikashivishwanath.org leLee www.taindia.in के वेबसाइट से टिकट बुक किये जाने की व्यवस्था है।

## जिले में पूरे अप्रैल माह चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जनपद में संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया आदि मच्छर जनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण और कार्रवाई के लिए एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफलता पूर्वक संचालन के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से डेंगू, मलेरिया, टीबी, फाइलेरिया आदि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए यह अभियान पूरे अप्रैल माह संचालित किया जाएगा। समस्त विभागों के सामंजस्य से ही इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सकता है। डेंगू की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सहित समस्त सहयोगी विभागों को ठोस कदम उठाने होंगे।

## प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 साल पूरा होने पर मंत्री ने दी बधाई

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर काशी एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इन नौ वर्षों में प्रदेश ने विकास, कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर एक नई पहचान बनाई है।




## मंत्री ने 1.41 करोड़ की लागत से कराये गये 7 सड़कों के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र वाराणसी शहर उत्तरी में डूडा, बीडीए एवं विधायक निधि से 1 करोड़ 41 लाख 64 हजार की लागत से कराये गये 07 सड़कों के निर्माण कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस अवसर पर मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि योगी सरकार लोगो के बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रख रही है।



इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय पार्षद एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया बरेका भ्रमण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में गुरुवार को राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के 17 सदस्यीय प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने भ्रमण किया। यह दल एयर मार्शल मनीष कुमार गुप्ता, कमांडेंट, नेशनल डिफेंस कॉलेज के नेतृत्व में तथा उत्तर प्रदेश के नोडल अधिकारी आनंद कुमार पाण्डेय के साथ बरेका पहुंचा। इस भ्रमण का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक अध्ययन के अंतर्गत भारत की औद्योगिक क्षमता, विशेषकर रेल इंजन निर्माण में तकनीकी उत्कृष्टता, गुणवत्ता मानकों एवं सुरक्षा उपायों को निकट से समझना था। बरेका आगमन पर जन सम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार द्वारा दल का स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्य विद्युत इंजीनियर-लोको अरविंद कुमार जैन ने प्रशिक्षु अधिकारियों को लोको फ्रेम शॉप, लोको असेम्बली शॉप एवं लोको टेस्ट शॉप का विस्तृत भ्रमण कराया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मऊ समाचार

### परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से शुरू होगा स्कूल चलो अभियान

**मऊ।** नया शिक्षा सत्र शुरू होने में 13 दिन शेष हैं। स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने की तैयारी तेजी से चल रही है। जिले के परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान शुरू होगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शासन की तरफ से बजट जारी किया गया है। इस बजट से ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। जिले में 1208 परिषदीय विद्यालयों में 1.28 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। गत वर्ष लगभग 32 हजार नए नामांकन किए गए थे। गत वर्ष से अधिक नामांकन कराने के लिए विभाग की तरफ से कार्ययोजना बनाने की कवायद तेज हो गई है। एक अप्रैल से शैक्षिक सत्र 2026-27 की शुरुआत होगी। पहले ही दिन से स्कूल चलो अभियान शुरू किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी इसकी शुरुआत करेंगे। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को 2500 रुपये का बजट जारी किया गया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक चलेगा। दूसरा चरण एक जुलाई से प्रारंभ होकर 15 जुलाई तक चलेगा। तीन से पांच वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रवेश दिलाया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीएमओ और बीएसए को दी गई है। इसी तरह छह वर्ष तक के बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी बीएसए को दी गई है। संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मंडल नवल किशोर का कहना है कि स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया गया है।

## भदोही समाचार

### भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय देवी अनुष्ठान शुरू

**नईबाजार।** नवरात्रि के पावन अवसर पर बृहस्पतिवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के उत्तर फटका स्थित शीतला माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। यज्ञ आचार्य मेंहदीपुर बालाजी धाम से पधारे सूरज जी महाराज व पंडित प्रदीप दुबे ने अनुष्ठान संपन्न कराया। यजमान के रूप में रवि भागवत गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी पिंकी गुप्ता ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजन किया। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के बीच आगे बढ़ रही थीं। यात्रा उत्तर मटका से निकलकर चांदनी चौक, शिवाजी नगर, गुलौर सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

## मीरजापुर समाचार

### जनगणना–2027 की तैयारियाँ तेज, फील्ड ट्रेनरों द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

**मीरजापुर।** वर्तमान में जनगणना– 2027 का कार्य प्रचलित है। प्रथम चरण में मकानों की गणना का कार्य किया जाना है, जो 22 मई, 2026 से 20 जून, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाना निर्धारित है। अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रभारी अधिकारी जनगणना अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना– 2027 के प्रथम चरण का कार्य सम्पादन के कम में जनपद में कुल तीन मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गये है जिनके द्वारा जनगणना निद.ेशालय लखनऊ में चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है। जनपद में कुल 84 फील्ड ट्रेनरों की नियुक्ति की जा चुकी है। नियुक्त फील्ड ट्रेनरों की कुल तीन बैच बनाये गये है,जिनमें से दो बैचों का प्रशिक्षण जी० डी० बिनानी पी०जी० कॉलेज, मीरजापुर में 18.03.2026 से प्रारम्भ है, जो 20.03.2026 तक एवं तीसरा बैच जी०डी० बिनानी पी०जी० कॉलेज, मीरजापुर में 23.03. 2026 से 25.03.2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण के दूसरे दिन 19.03.2026 को जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वि०रा० द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेनिंग ले रहे फील्ड ट्रेनरों को सम्बोधित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना– 2027 के कार्य सम्पादन के सम्बन्ध में जानक.ारी दी गयी तथा जनगणना– 2027 के प्रथम चरण के कार्य को समयबद्ध तरीके से 22 मई, 2026 से 20 जून, 2026 तक पूर्ण कर लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## चंदौली समाचार

### फैंसी क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन की जीत, डीएम बने मैन ऑफ द मैच

**चंदौली।** भभुआ सदर में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के खेल मैदान में फैंसी क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मीडिया एकादश को पराजित कर दिया। उद्घाटन जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। टॉस जीतकर मीडिया एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 88 रन बनाए। टीम की ओर से मनीष राज गौरव ने सर्वाधिक 33 रन की पारी खेली। जवाब में उतरी जिला प्रशासन की टीम ने बेहतर बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। कमलेश कुमार ने 32 रन, विकास कुमार ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में भी जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके।

## देवरिया समाचार

### आपूर्ति विभाग और पुलिस की टीम ने कई रेस्टोरेंट पर मारा छापा, सिलिंडर जब्त



**बरहज/भलुअनी।** पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस सिलिंडर को लेकर चल रही गहमा गहमी के बीच रसोई गैस की कालाबाजारी भी बढ़ गई है। शिकायत पर बृहस्पतिवार को आपूर्ति निरीक्षक ने पुलिस के साथ कई रेस्टोरेंट पर छापा मारा। वहां से रसोई गैस सिलिंडर जब्त किया गया। इस कार्रवाई से पूरे दिन खलबली मची रही। आपूर्ति निरीक्षक संजीव त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस टीम ने भलुअनी स्थित एक मिठाई की दुकान पर छापा मारा। टीम को देख चौराहे पर खलबली मच गई। मिठाई आदि दुकानों के शटर गिरने लगे। टीम ने एक दुकान से चूल्हे पर लगे दो रसोई गैस सिलिंडर, जबकि कुछ खाली सिलिंडर जब्त किए। इसके बाद बरहज में एक दुकान पर भी छापा मारा गया। वहां एक भरा और पांच खाली सिलिंडर पाया गया। इसके अलावा एक जगह अधिकारियों ने बड़े सिलिंडर से छोटे सिलिंडर में गैस रिफिलिंग करते हुए भी पकड़ा। लोगों का कहना है कि जब से गैस सिलिंडरों की किल्लत हुई है तब अनुसार कुछ दुकानों पर ब्लैक में 1500-2000 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर मिल जा रहे हैं। एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई हुई है। दो जगहों से 34 अवैध रसोई गैस सिलिंडर बरामद : भाटपार रानी संवाद के अनुसार, नगर में बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार अभिजीत प्रताप सिंह, सुशील तिवारी और क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक दुर्गानंद यादव के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग की टीम ने छापा मारा।

## आजमगढ़ समाचार

### युवती की जहर खाने से मौत, प्रेमी हिरासत में

**बलरामपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बलरामपुर गांव निवासिनी प्रिया चौहान (25) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका के भाई ने बताया कि प्रेमी से विवाद के बाद उसने जहर का सेवन कर लिया था। बलरामपुर गांव निवासी अजय चौहान ने बताया कि उसकी बहन प्रिया चौहान का करीब तीन-चार साल से एक रेस्टोरेंट संचालक के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। बृहस्पतिवार की दोपहर प्रिया को उसके प्रेमी ने रेस्टोरेंट में मिलने के लिए बुलाया था।

इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान प्रेमी ने प्रिया से मारपीट की। घटना के बाद प्रिया ने जहर का सेवन कर लिया। परिजनों को उनकी हालत बिगड़ने की जानकारी हुई और उन्हें शहर के सिधारी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बलिया समाचार

### नवरात्र के दूसरे दिन देवी मंदिरों पर उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं ने किया पूजन-अर्चन

**बलिया।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन भृगु क्षेत्र बलिया के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी का पूजन-अर्चन कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। ब्रह्म बेला से पूर्व ही भक्त मंदिरों की ओर निकल पड़े और पूजन-अर्चन में लीन हो गए। 'जय माता दी' जैसे भक्तिमय उच्चारणों से भृगुक्षेत्र का वातावरण गुंजायमान होता रहा। देवी मंदिरों को कहीं प्राकृतिक फूलों से तो कहीं आकर्षक झालरों से सजाया गया है।



बलिया जिले के मां मंगला भवानी मंदिर, उचेड़ा स्थित मां भवानी मंदिर, शंकरपुर स्थित मां शांकरी भवानी मंदिर, ब्रह्माइन स्थित मां ब्रह्माणी देवी मंदिर, खरीद स्थित माता मंदिर, सिकंदरपुर स्थित जल्पा-कल्पा देवी मंदिर, गायघाट स्थित मां पचरूखा देवी मंदिर, पचदेवी मंदिर, कपूरी स्थित मां कपिलेश्वरी भवानी मंदिर, जनपद मुख्यालय स्थित मां दुर्गा मंदिर, शोभनाथपुर स्थित मां भगवती मंदिर, दुर्जनपुर स्थित मां काली मंदिर, रेवती स्थित मां दुर्गा मंदिर, काली माता मंदिर, बांसडीह स्थित मां दुर्गा मंदिर और सहतवार स्थित मां दुर्गा मंदिर सहित अनेक देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। विभिन्न देवी मंदिरों के प्रांगण और आस-पास चुनरी, प्रसाद, फूलों सहित अन्य दुकानें सजी हुई थीं। मंदिरों पर मेले भी लगे थे, जहां पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालु अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी कर रहे थे। भक्तों की उमड़ती भीड़ को देखते हुए, श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए स्वयंसेवक (वालेंटियर) तैनात किए गए थे। जिला मुख्यालय से पांच किमी उत्तर बलिया-सिकंदरपुर मुख्य मार्ग पर ब्रह्माइन गांव स्थित मां ब्राह्मणी देवी का प्राचीन मंदिर का उल्लेख दुर्गा सप्तशती व मारकंडेय पुराण में वर्णित है। भवन के राजाओं से हार कर राजा सूरथ कुछ सैनिकों के साथ शिकार खेलने के बहाने निकल गए। आज जहां ब्रह्माइन गांव स्थित है, कालांतर में वहां जंगल था। राजा सूरथ वहीं रुके और सैनिकों से पानी लाने को कहा। सैनिकों ने कुछ ही दूर स्थित एक सरोवर से पानी लाकर राजा को दिया। राजा युद्ध में घायल हो गए थे और शरीर के कई जगह से घाव बन गये थे। राजा ने जब उस पानी का स्पर्श किया तो घाव ठीक हो गया। राजा सैनिकों से पूछ सरोवर तक गये और स्नान किया। तो राजा के पूरे शरीर का घाव ठीक हो गया।

## गाजीपुर समाचार

### छापामारी में 13 खाली सिलिंडर हुए बरामद, तीन गैस एजेंसियों को नोटिस

**गाजीपुर।** भांवरकोल क्षेत्र के रेवसड़ा स्थित एक मकान पर जिला पूर्ति विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को छापा मारा गया। इस दौरान मकान से 13 खाली गैस सिलिंडर बरामद हुए। वहीं, उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर की डिलीवरी न करने के आरोप में तीन गैस एजेंसियों को नोटिस जारी की गई। जिला पूर्ति अधिकारी अनंत प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि भांवरकोल थाना क्षेत्र के रेवसड़ा स्थित एक घर में बड़ी संख्या में गैस सिलिंडर हैं। सूचना पर विभाग की टीम की ओर से भांवरकोल थाना क्षेत्र के रेवसड़ा में बरमेश्वर राय के घर पर छापा मारा। इस दौरान मकान से इंडेन कंपनी के छह, एचपी के चार व भारत पेट्रोलियम कंपनी के एक, पांच किलो के दो खाली गैस सिलिंडर बरामद किए। जांच में पाया गया कि बरमेश्वर राय ने बलिराम वर्मा निवासी रेवसड़ा से मिलीभगत करके अवैध रूप से गैस सिलिंडर बेच रहा है।

## प्रयागराज समाचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ग्राम विकास अधिकारी की मौत, मीरजापुर में थे तैनात



**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में मिर्जापुर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिर्जापुर जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत पट्टी बघौरा गांव निवासी अरुण प्रकाश शुक्ला (47) बृहस्पतिवार को गैस बुकिंग के लिए मांडा क्षेत्र के राजापुर स्थित विन्ध्येश्वरी एजेंसी आए थे। वीपी प्रतापपुर मार्ग पर राजापुर गांव के सामने एक बेकाबू ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, अरुण प्रकाश शुक्ला मिर्जापुर के जमालपुर ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। उनकी पत्नी संध्या देवी, बेटा यश और बेटियां शुभांगी व श्रेया नैनी में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही वे भी गांव के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया है। वहीं, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## जौनपुर समाचार

### हल्की बारिश, आसमान में छाए बादल, बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**जौनपुर।** जिले में शुक्रवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे, इस बीच हल्की बारिश हुई। वहीं कई स्थानों पर बिजली भी गिरी।

इस दौरान मीरगंज थाना के ग्राम पंचायत मोलनापुर में शौच से लौट रहे युवक की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। अजीत कुमार (19) पुत्र ज्ञानपति चौहान शुक्रवार की सुबह 7 बजे शौच के लिए गया। लौटते समय हाथ में मोबाइल चलाते हुए आ रहा था, तभी अचानक बिजली गिर गई, जिससे वह झुलस गया। परिवार के लोग आनन फानन इलाज के लिए मछलीशहर ले गए। जहां एक निजी चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान रमेश सरोज ने बताया कि परिजन अभी पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हो रहे है। परिजन शव को लेकर घर लौट आए और अब मड़ियाहूं लेकर फिर निकले हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### तालाब में डूबकर दो किशोरों की मौत, एक को बचाया गया



**सुल्तानपुर।** कादीपुर के मलिकपुर नोनरा निवासी रत्नेश (15), कुंदन (16) व अमन (13) बृहस्पतिवार दोपहर गांव स्थित तालाब में नहाते समय डूब गए। ग्रामीणों की मदद से तीनों को तालाब से बाहर निकाला गया। बेहोशी हालत में उन्हें कादीपुर सीएचसी पहुंचाया गया। वहां पर चिकित्सक ने रत्नेश और कुंदन को मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों के परिवार में चीख-पुकार मची है। ग्रामीणों के अनुसार जियाराम के पुत्र रत्नेश, रविंद्र के पुत्र कुंदन व प्रमोद के पुत्र अमन बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे बजे घर से भैंस चराने के लिए एक साथ निकले थे। तीनों गांव के आरोग्य मंदिर के पीछे स्थित तालाब के पास पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों तालाब में नहाने के लिए घुस गए। गहराई में जाने से तीनों डूबने लगे। वहां मौजूद ग्रामीण आदिशक्ति दुबे व अच्छेलाल बच्चों को बचाने के लिए तालाब में क-ूदे। अन्य ग्रामीण भी जाल लेकर तालाब में घुस गए। काफी मशक्कत के बाद तीनों को तालाब से किसी तरह से बाहर निकाला गया।

तीनों बच्चों को कादीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया। वहां पर चिकित्सक ने रत्नेश व कुंदन को मृत घोषित कर दिया। अमन की हालत गंभीर बताई जा रही है। कादीपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रत्नेश के पिता जियाराम व कुंदन के पिता रविंद्र मजदूरी करते हैं। रत्नेश व कुंदन की मौत से दोनों परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता सहित अन्य परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## सोनभद्र समाचार

### कर्मचारियों के हित में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना में पंजीकरण अनिवार्य-जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जनपद में कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन भी कंपनियों में 20 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वे अपने समस्त कर्मचारियों का पंजीकरण नियोक्ता अनिवार्य रूप से कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जिसका संचालन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों का भी शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र कर्मचारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में संचालित ऐसी सभी कंपनियों की सूची तैयार की जाए, जहां 20 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन अब तक उनका पंजीकरण नहीं कराया गया है। ऐसी कंपनियों को तत्काल नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना में पंजीकरण कराने वाले कर्मचारियों को उनके मासिक वेतन के आधार पर भविष्य निधि,पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अनेक लाभ प्राप्त होते हैं।

## गोरखपुर समाचार

### गोली नहीं चाकू से गोदकर राजकुमार की हत्या, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा

**गोरखपुर।** यूपी के गोरखपुर में प्रापर्टी डीलर राजकुमार चौहान की हत्या गोली मारकर नहीं बल्कि चाकू से ताबड़तोड़ वार कर की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुलिस को यह जानकारी मिली है। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। हालांकि पुलिस हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद नहीं कर सकी है। मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले प्रॉपर्टी डीलर राजकुमार की हत्या कर दी गई थी। तब बताया गया था कि बदमाशों ने पहले गोली मारी फिर चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। देर रात हुए प्रेस कांफ्रेंस में एसएसपी डॉ कौस्तुभ ने घटना में शामिल दो आरोपियों के गिरफ्तार होने की जानकारी दी, लेकिन वारदात में प्रयुक्त हथियार के बारे में स्पष्ट नहीं किया था।



पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर यह बताया गया था कि बदमाशों ने फायरिंग की थी। अब पुलिस ने पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर का बयान लिया है, जिसके बाद स्पष्ट हो गया है कि शरीर के सभी घाव धारदार हथियार (चाकू) के ही थे। बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों डंपर चालक राज चौहान और विपिन यादव को कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपने साथियों के नाम बताने के साथ ही उन्हीं के पास हत्या में प्रयुक्त चाकू होने की जानकारी दी है। अब पुलिस टीमें घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। घटनास्थल के ठीक सामने वाले घर का सीसीटीवी कैमरा खराब होने की वजह से अब पुलिस अन्य जगहों के कैमरों व सीडीआर की जांच कर रही है ताकि नामजद आठ आरोपियों की भूमिका सामने आ सके। हत्याकांड में दो डंपर चालकों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने मामले के पर्दाफाश किया है, लेकिन परिजन इससे संतुष्ट नहीं हैं। पिता जंगीलाल ने आरोप लगाया कि असली साजिशकर्ता अभी भी बाहर हैं, जबकि निर्दोषों को फंसाया जा रहा है।

## लाइफ मंत्र

### पति का लंबी आयु तक साथ प्राप्त करने के लिए पढ़ें गणगौर व्रत कथा

गणगौर यानी गवरजा यानी इसर-गौरी (शंकर-पार्वती) की पूजा। 18 दिवसीय यह पर्व चैत्र कृष्ण पक्ष एकम से शुरू होकर चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तक चलता है। यह राजस्थान व सीमावर्ती राज्यों का एक प्रमुख त्यौहार है। गणगौर के दौरान कुंवारी लड़कियां श्रेष्ठ वर व विवाहित महिलाएं वर की सलामती के लिए शिव (इसर) और पार्वती (गौरी) की पूजा करती हैं। पूजा करते हुए दूब से पानी के छींटे देते हुए 'गोर गोर गोमती' गीत गाती हैं। इस दौरान गौर पर सिंदूर और चूड़ी चढ़ाने का विशेष प्रावधान है। चंदन, अक्षत, धूपबत्ती, दीप, नैवेद्य से पूजन करके भोग लगाया जाता है। गणगौर राजस्थान में आस्था, प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का सबसे बड़ा उत्सव है। विवाहित महिलाएं चैत्र शुक्ल तृतीया को गणगौर पूजन और व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। शास्त्रों के मुताबिक होलिका दहन के दूसरे दिन चैत्र कृष्ण एकम (प्रतिपदा) से चैत्र शुक्ल तृतीया यानी 18




दिनों तक चलने वाला त्यौहार है- गणगौर।

माना जाता है कि माता गवरजा होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं और आठ दिनों के बाद इसर (शिव) उन्हें वापस लेने के लिए आते हैं। चैत्र शुक्ल तृतीया को उनकी विदाई होती है। गणगौर की पूजा में गाए जाने वाले लोकगीत इस अनूठे पर्व की आत्मा हैं। इस पर्व में गवरजा और इसर की बड़ी बहन और जीजाजी के रूप में गीतों के माध्यम से पूजा होती है।

**गणगौर की पौराणिक व्रत कथा :**

कहते हैं एक बार भगवान शंकर, माता पार्वती व नारदजी के साथ भ्रमण के लिए निकले। वह चलते-चलते चैत्र शुक्ल तृतीया को एक गांव में पहुंचे। उनका आना सुनकर ग्राम की साधारण कुल की स्त्रियां उनके स्वागत के लिए थालियों में हल्दी व अक्षत लेकर पूजन को पहुंच गईं। पार्वती जी ने उनके पूजा भाव को समझकर सारा सुहाग रस उन पर छिड़क दिया। वे अटल सुहाग प्राप्त कर लौटीं। थोड़ी देर बाद उच्च कुल की स्त्रियां अनेक प्रकार के पकवान सोने-चांदी के थालों में सजाकर सोलह श्रृंगार करके शिव और पार्वती के सामने पहुंचीं। इन स्त्रियों को देखकर भगवान शंकर ने पार्वती से कहा, ''तुमने सारा सुहाग रस तो निर्धन वर्ग की स्त्रियों को ही दे दिया। अब इन्हें क्या दोगी?'' पार्वती जी बोलीं, ''प्राणनाथ! उन स्त्रियों को ऊपरी पदार्थों से निर्मित रस दिया गया है, इसलिए उनका सुहाग धोती से रहेगा किंतु मैं इन धनी वर्ग की स्त्रियों को अपनी अंगुली चीरकर रक्त का सुहाग रख दूंगी, इससे वे मेरे समान सौभाग्यवती हो जाएंगी।'' जब इन स्त्रियों ने शिव-पार्वती पूजन समाप्त कर लिया तब पार्वती जी ने अपनी अंगुली चीर कर उसके रक्त को उनके ऊपर छिड़क दिया, जिस पर जैसे छींटे पड़े उसने वैसा ही सुहाग पा लिया। पार्वतीजी ने कहा, ''तुम सब वस्त्र-आभूषणों का परित्याग कर, माया-मोह से रहित हो जाओ और तन, मन, धन से पति की सेवा करो। तुम्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होगी।'' इसके बाद पार्वतीजी भगवान शंकर से आज्ञा लेकर नदी में स्नान करने चली गईं। स्नान करने के पश्चात बालू की शिवजी की मूर्ति बनाकर उन्होंने पूजन किया। भोग लगाया और प्रदक्षिणा करके दो कणों का प्रसाद ग्रहण कर मस्तक पर टीका लगाया। इतना सब करते-करते पार्वती जी को काफी समय लग गया। पार्वती जी नदी के तट से चलकर उस स्थान पर आईं जहां पर भगवान शंकर व नारद जी को छोड़कर गई थीं। शिवजी ने विलंब से आने का कारण पूछा तो उत्तर में पार्वती-जी ने कह दिया कि वहां मेरे भाई-भावज आदि मायके वाले मिल गए थे। उन्हीं से बातें करने में देर हो गई परंतु महादेव तो महादेव ही थे। वह कुछ और ही लीला रचना चाहते थे। अतः उन्होंने पूछा, ''पार्वती! तुमने नदी के तट पर पूजन करके किस चीज का भोग लगाया था और स्वयं कौन-सा प्रसाद खाया था?'' पार्वतीजी ने पुनः झूठ बोल दिया, ''मेरी भावज ने मुझे दूध-भात खिलाया। उसे खाकर मैं सीधी यहां चली आ रही हूं।'' यह सुनकर शिवजी भी दूध-भात खाने की लालच में नदी-तट की ओर चल दिए। पार्वती दुविधा में पड़ गईं। तब उन्होंने मौन भाव से भगवान भोले शंकर का ही ध्यान किया और प्रार्थना की, ''हे भगवन! यदि मैं आपकी अनन्य दासी हूं तो आप इस समय मेरी लाज रखिए।'' यह प्रार्थना करती हुई पार्वतीजी भगवान शिव के पीछे-पीछे चलती रहीं। उन्हें दूर नदी के तट पर माया का महल दिखाई दिया। उस महल के भीतर वह देखती हैं कि शिवजी के साले तथा सलहज आदि सपरिवार उपस्थित हैं। उन्होंने गौरी तथा शंकर का भाव-भीना स्वागत किया। वे दो दिनों तक वहां रहे। तीसरे दिन पार्वतीजी ने शिव से चलने के लिए कहा, पर शिवजी तैयार न हुए। वे अभी और रुकना चाहते थे। तब पार्वतीजी रूठकर अकेली ही चल दीं। ऐसी हालत में भगवान शिवजी को पार्वती के साथ चलना पड़ा। नारदजी भी साथ-साथ चल दिए। चलते-चलते वे बहुत दूर निकल आए। उस समय भगवान सूर्य अपने धाम (पश्चिम) को पधार रहे थे। अचानक भगवान शंकर पार्वती-जी से बोले, ''मैं तुम्हारे मायके में अपनी माला भूल आया हूं।'' ''ठीक है, मैं ले आती हूं।'' पार्वतीजी ने कहा और जाने को तत्पर हो गईं परंतु भगवान ने उन्हें जाने की आज्ञा न दी और इस कार्य के लिए नारदजी को भेज दिया परंतु वहां पहुंचने पर नारदजी को कोई महल नजर न आया।

नारदजी जंगल में भटकने लगे और सोचने लगे कि कहीं वे किसी गलत स्थान पर तो नहीं आ गए? मगर सहसा ही बिजली चमकी और नारदजी को शिवजी की माला एक पेड़ पर टंगी हुई दिखाई दी। नारदजी ने माला उतार ली और शिवजी के पास पहुंचकर वहां का हाल बताया। शिवजी ने हंसकर कहा, ''नारद! यह सब पार्वती की ही लीला है।''

## महाराष्ट्र का स्वीटज़रलैंड, महाबलेश्वर में बिताएं सुकून भरे पल, Weekend Getaway के लिए बेस्ट



महाबलेश्वर विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ हर साल स्ट्रॉबेरी फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। इसके अलावा यहाँ का शहद, चिकी और मकई से बने स्नैक्स भी काफी लोकप्रिय हैं। शांत वातावरण, ठंडी जलवायु और मनमोहक दृश्य इसे पर्यटकों के लिए आदर्श स्थल बनाते हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित महाबलेश्वर एक प्रसिद्ध हिल स्टेशन है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली, झीलों और स्ट्रॉबेरी के बागानों के लिए जाना जाता है। सह्याद्रि पर्वतमाला की गोद में बसा यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,353 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। शांत वातावरण, ठंडी जलवायु और मनमोहक दृश्य इसे पर्यटकों के लिए आदर्श स्थल बनाते हैं।

**प्रमुख दर्शनीय स्थल-**

**Venna Lake-** यह एक सुंदर कृत्रिम झील है जहाँ पर्यटक नौकायन (बोटिंग) का आनंद लेते हैं। झील के आसपास घुड़सवारी और स्थानीय खाने-पीने की दुकानों का भी आकर्षण रहता है।

**Arthur's Seat-** इसे 'पॉइंट्स की रानी' भी कहा जाता है। यहाँ से गहरी घाटियों और सावित्री नदी का अद्भुत दृश्य दिखाई देता है।

**Pratapgad Fort-** यह ऐतिहासिक किला छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ा हुआ है। यहाँ से आसपास की पहाड़ियों का दृश्य अत्यंत मनोरम दिखाई देता है।

**Mapro Garden-** स्ट्रॉबेरी के लिए प्रसिद्ध यह स्थान पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है। यहाँ विभिन्न प्रकार के जूस, जैम और चॉकलेट मिलते हैं।

**मौसम और घूमने का सर्वोत्तम समय**

महाबलेश्वर का मौसम सालभर सुहावना रहता है।

गर्मी (मार्च–जून): तापमान 15°C से 30°C के बीच।

मानसून (जुलाई–सितंबर): हरियाली अपने चरम पर होती है, लेकिन भारी वर्षा होती है।

सर्दी (अक्टूबर–फरवरी): सबसे अच्छा समय, ठंडी और ताज़गी भरी हवा के साथ।

**स्थानीय विशेषताएँ**

महाबलेश्वर विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ हर साल स्ट्रॉबेरी फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। इसके अलावा यहाँ का शहद, चिकी और मकई से बने स्नैक्स भी काफी लोकप्रिय हैं।

**कैसे पहुँचें?**

सड़क मार्ग: पुणे और मुंबई से अच्छी सड़क सुविधा उपलब्ध है।

रेल मार्ग: निकटतम रेलवे स्टेशन वाथर है।

वायु मार्ग: निकटतम हवाई अड्डा पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है।

महाबलेश्वर प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक महत्व और शांत वातावरण का अद्भुत संगम है। परिवार, मित्रों या जीवनसाथी के साथ समय बिताने के लिए यह एक आदर्श पर्यटन स्थल है। यदि आप शहर की भागदौड़ से दूर सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो महाबलेश्वर अवश्य जाएँ।



## राजस्थान का 'कश्मीर' Mount Abu: भीषण गर्मी से राहत के लिए यह है Perfect Summer Destination

**राजस्थान के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में नक्की झील, दिलवाड़ा मंदिर और गुरु शिखर जैसे प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं, जो इसे एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र बनाते हैं। अरावली पर्वतमाला पर स्थित माउंट आबू अपनी ठंडी जलवायु, संगमरमर की नक्काशी वाले मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, जो इसे पर्यटन के लिए एक आदर्श स्थल बनाता है।**

राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित माउंट आबू राज्य का एकमात्र हिल स्टेशन है। अरावली पर्वतमाला की ऊँचाइयों पर बसा यह सुंदर स्थल अपनी ठंडी जलवायु, हरियाली और ऐतिहासिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। रेगिस्तानी प्रदेश में स्थित होने के बावजूद यहाँ का वातावरण अत्यंत सुहावना और शांतिपूर्ण है, जो पर्यटकों को विशेष आकर्षित करता है।

**प्रमुख दर्शनीय स्थल-**

**Nakki Lake-** यह माउंट आबू की सबसे प्रसिद्ध झील है। यहाँ पर्यटक नौकायन का आनंद लेते हैं और झील के आसपास की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करते हैं। मान्यता है कि इस झील को देवताओं ने अपने नाखूनों से खोदा था।

**Dilwara Temples-** 11वीं और 13वीं शताब्दी के बीच निर्मित ये जैन मंदिर अपनी अद्भुत संगमरमर की नक्काशी के लिए विश्वविख्यात हैं। यहाँ की वास्तुकला और शिल्पकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

**Guru Shikhar-** यह अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी है। यहाँ से आसपास की पहाड़ियों और घाटियों का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है।

**Sunset Point-** सूर्यास्त के समय यहाँ का दृश्य अत्यंत आकर्षक होता है। ढलते सूरज की लालिमा पहाड़ियों पर अद्भुत छटा बिखेरती है।

**मौसम और घूमने का सर्वोत्तम समय**

माउंट आबू का मौसम वर्षभर सुहावना रहता है।

**गर्मी (अप्रैल–जून):** तापमान 23°C से 33°C के बीच, घूमने के लिए उत्तम समय। मानसून (जुलाई–सितंबर): हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर।

सर्दी (अक्टूबर-मार्च): ठंडा और रोमांटिक मौसम, पर्यटन के लिए सबसे अच्छा समय।

**स्थानीय विशेषताएँ**

माउंट आबू में हर वर्ष 'समर फेस्टिवल' का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोक संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। यहाँ की हस्तशिल्प वस्तुएँ और राजस्थानी व्यंजन भी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं।

**कैसे पहुँचें?**

सड़क मार्ग: उदयपुर अहमदाबाद और जयपुर से बस एवं टैक्सी सुविधा उपलब्ध है।


रेल मार्ग: निकटतम रेलवे स्टेशन आबू रोड है।

वायु मार्ग: निकटतम हवाई अड्डा उदयपुर में स्थित है।

माउंट आबू प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम है।

यदि आप राजस्थान की गर्मी से राहत पाना चाहते हैं और पहाड़ों की ठंडी वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो माउंट आबू एक आदर्श पर्यटन स्थल है।

## आगरा टूरिज्म: ताज, किला और पेठा, मोहब्बत और मुगलई जायके का Perfect Destination



आगरा का नाम आते ही सबसे पहले ताजमहल की छवि मन में उभरती है। मुगल सम्राट शाहजहाँ ने इसे अपनी पत्नी मुमताज़ महल की याद में बनवाया था। सफ़ेद संगमरमर से बना यह स्मारक विश्व के सात नए अजूबों में शामिल है। ताजमहल की नक्काशी, उसकी समरूपता और बदलते रंग पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

उत्तर प्रदेश के हृदय में स्थित आगरा भारत के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है। यह शहर विश्वप्रसिद्ध ताजमहल के कारण पूरी दुनिया में जाना जाता है।

आगरा केवल एक ऐतिहासिक नगर नहीं है, बल्कि यह प्रेम, मुगलकालीन वैभव, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। हर वर्ष देश-विदेश से लाखों पर्यटक आगरा की खूबसूरती और इतिहास को देखने आते हैं।

**ताजमहल: प्रेम की अमर निशानी**

आगरा का नाम आते ही सबसे पहले ताजमहल की छवि मन में उभरती है। मुगल सम्राट शाहजहाँ ने इसे अपनी पत्नी मुमताज़ महल की याद में बनवाया था। सफ़ेद संगमरमर से बना यह स्मारक विश्व के सात नए अजूबों में शामिल है। ताजमहल की नक्काशी, उसकी समरूपता और बदलते रंग पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। सूर्योदय और चांदनी रात में ताजमहल का दृश्य विशेष रूप से आकर्षक होता है।

**आगरा किला: मुगल शक्ति का प्रतीक**

ताजमहल के पास स्थित आगरा किला भी यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। लाल बलुआ पत्थर से बना यह विशाल किला मुगल सम्राटों का प्रमुख निवास रहा है।

दीवाने-आम, दीवाने-खास, जहाँगीरी महल और मुसम्मन बुर्ज जैसे भाग इसकी भव्यता को दर्शाते हैं। इसी किले में शाहजहाँ को उनके अंतिम दिनों में कैद रखा गया था, जहाँ से वे ताजमहल को निहारा करते थे।

**फतेहपुर सीकरी: सुनहरी इतिहास गाथा**

आगरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित फतेहपुर सीकरी मुगल सम्राट अकबर द्वारा बसाया गया था। यह स्थान अपनी शानदार इमारतों जैसे बुलंद दरवाज़ा, जामा मस्जिद और पंच महल के लिए प्रसिद्ध है। फतेहपुर सीकरी मुगल स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण है और इतिहास प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण रखता है।

**स्थानीय संस्कृति और खानपान**

आगरा की यात्रा स्थानीय संस्कृति और स्वादिष्ट भोजन के बिना अधूरी है। यहाँ का प्रसिद्ध पेठा विश्वभर में मशहूर है। इसके अलावा मुगलई व्यंजन, कबाब, बिरयानी और कचौड़ी-सब्ज़ी पर्यटकों को खूब पसंद आती है। आगरा के बाजारों में संगमरमर की कलाकृतियाँ, चमड़े के उत्पाद और हस्तशिल्प भी आकर्षण का केंद्र हैं।

**पर्यटन का महत्व**

आगरा पर्यटन न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है। होटल, गाइड सेवाएँ, हस्तशिल्प उद्योग और परिवहन जैसे क्षेत्रों में पर्यटन की अहम भूमिका है।

आगरा एक ऐसा शहर है जहाँ इतिहास सांस लेता हुआ महसूस होता है। प्रेम की कहानी कहता ताजमहल, शक्ति का प्रतीक आगरा किला और वैभवशाली फतेहपुर सीकरी — ये सभी मिलकर आगरा को एक संपूर्ण पर्यटन स्थल बनाते हैं। यदि आप इतिहास, कला और संस्कृति में रुचि रखते हैं, तो आगरा की यात्रा आपके लिए अविस्मरणीय अनुभव होगी।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682